Title: Need to compensate farmers of Punjab whose crops have been damaged due to unseasonal rains-Laid.

प्रो. प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (पटियाला) : अध्यक्ष महोदय, पंजाब राज्य खेती के लिए मशहूर और सेन्टर पूल में पंजाब ही वह राज्य है जो सबसे अधिक योगदन देता है किन्तु जो किसान देश का पेट भरने में मेहनत कर रहा वह कर्ज में डूबा है। पंजाब राज्य में ५,७०० करोड़ रुपया किसानों पर कर्ज है जिसे वह वापिस भुगतान समय से नहीं कर पा रहा है। इस पर इस साल पंजाब के किसान पर दैवी मार ओर पड़ गई। बेमौसमी बरसात ने एक ओर उसके खेत में खड़ी फसल को नष्ट कर दिया और दूसरी ओर खेत से बचा कर जो फसल वह बेचने के लिए मंडी में ले गया उसे भी बेमौसमी बरसात ने नुकसान पहुंचा दिया जिसके कारण उसे भी आर्थिक हानि उठानी पड़ी है। वर्षा के कारण मंडियों में पड़ा खाद्यान्न, विशेष रूप से धान खराब हो गया और सरकारी एर्जेंसियों ने इस खराब हुए धान को सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य से कम दामों पर खरीदा, जिससे उसे इस साल भारी नुकसान हुआ है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि किसान को इस मुसीबत के समय सहारा देने के लिए कम से कम मुआवजे के रूप में इतनी राशि तुरन्त अवश्य मुहैया कराएं, जो उसे वर्षा के कारण घटिया क्वालिटी हो जाने के कारण कम दामों में बिक्री करनी पड़ी है।